भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1031**
29.07.2024 को उत्तर के लिए

**हरित भारत मिशन**

**1031. डॉ हेमंत विष्णु सवरा:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हरित भारत के लिए राष्ट्रीय मिशन (जीआईएम) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत रेखांकित आठ मिशनों में से एक है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य के पालघर जिले में जीआईएम के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार, विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य में आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

**(क) से (ग)** राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के तहत रेखांकित आठ मिशनों में से एक है। इसका उद्देश्य भारत के वनावरण का संरक्षण, पुनर्बहाली और वृद्धि करना तथा चयनित भू-परिदृश्यों में वन और वनेत्तर क्षेत्रों में पारिस्थितिकी पुनर्बहाली गतिविधियों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन के संबंध में कार्रवाई करना। जीआईएम के तहत गतिविधियां वित्त वर्ष 2015-16 में शुरू की गई थीं।

अब तक, 155130 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण/पारिस्थितिकी पुनर्बहाली के लिए सत्रह राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र को 909.82 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानु प्रभाग में वृक्षारोपण/पारिस्थितिकी पुनर्बहाली के लिए 464.20 हेक्टेयर क्षेत्र को जीआईएम के तहत लिया गया है।

**(घ)** विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य सहित जीआईएम के तहत आवंटित/संवितरित और उपयोग की गई निधि का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण संलग्नक-1 में दिया गया है।

**संलग्नक-1**

**'हरित भारत मिशन' के संबंध में डॉ. हेमंत विष्णु सवरा द्वारा दिनांक 29.07.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1031 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

**विगत पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान जीआईएम के तहत आवंटित/संवितरित और उपयोग की गई राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार निधि**

**(राशि करोड रूपये में)**

| **क्रम सं.** | **राज्य/ संघ राज्य** | **आवंटित/संवितरित निधि** | **उपयोग की गई निधि** |
|---|---|---|---|
| **1.** | आंध्र प्रदेश | 2.02 | 2.74 |
| **2.** | अरूणाचल प्रदेश | 34.71 | 10.56 |
| **3.** | छत्तीसगढ़ | 12.91 | 11.38 |
| **4.** | हरियाणा | 17.15 | 16.82 |
| **5.** | हिमाचल प्रदेश | 17.09 | 6.55 |
| **6.** | जम्मू और कश्मीर | 32.22 | 31.70 |
| **7.** | कर्नाटक | 14.27 | 13.56 |
| **8.** | केरल | 16.32 | 15.74 |
| **9.** | मध्य प्रदेश | 75.49 | 88.92 |
| **10.** | महाराष्ट्र | 0.00 | 1.78 |
| **11.** | मणिपुर | 35.19 | 26.28 |
| **12.** | मिजोरम | 107.96 | 86.83 |
| **13.** | ओडिसा | 79.00 | 74.91 |
| **14.** | पंजाब | 14.62 | 9.38 |
| **15.** | सिक्किम | 27.16 | 27.16 |
| **16.** | उत्तराखंड | 122.22 | 113.31 |
| **17.** | पश्चिम बंगाल | 10.95 | 10.18 |
| **18.** | उत्तर प्रदेश | 5.43 | 0.00 |
| | **कुल** | **624.71** | **547.82** |

(**नोट:** उपयोग की गई निधि में वित्तीय वर्ष 2019-20 से पहले जारी की गई निधि में से किया गया व्यय भी शामिल है।)

*****